**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 30/06/2024**

**विषय:-** **थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त व 03 नफर अभियुक्ता गिरफ्तार जिनके कब्जे से काल भैरव मंदिर से दर्शनार्थियों के चोरी किये हुए 02 मंगलसूत्र , 05 बाली , 02 कान का टप्स व चोरी का 02 एन्ड्रायड मोबाइल व 01 की पैड मोबाइल फोन (कुल कीमत करीब 02 लाख 40 हजार रुपये ) बरामद ।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 30.06.2024 को भूतई इमली के पास से 01 पुरुष व 03 महिला ( चोर) को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन करने वाले दर्शनार्थियों का 02 मंगलसूत्र , 05 अदद बाली , 02 कान का टप्स व चोरी का 02 अदद एन्ड्रायड मोबाइल व 01 अदद की पैड मोबाइल फोन (कुल कीमती करीब 02 लाख 40 हजार रुपये) चोरी किये थे बरामद करने में सफलता प्राप्त किया गया । उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0- 62/2024 धारा- 41/411/414 भादवि के अंतर्गत पंजीकृत करते हुये गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरणः-** अभियुक्तगण के कब्जे से बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन करने आये दर्शनार्थियों का 02 अदद मंगलसूत्र , 05 अदद बाली , 02 कान का टप्स व चोरी का 02 अदद एन्ड्रायड मोबाइल व 01 अदद की पैड मोबाइल फोन बरामद होना।

**विवरण पूछताछः-** पूछताछ पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग बिहार राज्य से सटे जिले बनारस, चंदौली इत्यादि जगहों पर मंदिर व रेलवे स्टेशनों पर भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं की चैन, कान की बाली व मोबाइल फोन की चोरी कर लेते है। चोरी किये गये सामान को चलते राहगीर को औने पौने दाम पर बेचकर अपने घर को निकल जाते है। साहब हम लोगों ने काल भैरव मंदिर में आज सुबह से कई महिलाओं के गहनों की चोरी किये तथा मेरे साथ आये सोनू ने भीड़ में दर्शनार्थी की मोबाइल को जेब से निकालकर चोरी कर लिये है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. सोनू कुमार पुत्र उपेन्द्र खरवार निवासी बिहियां महथी माई कालोनी थाना बिहियां जनपद भोजपुर बिहार उम्र करीब 22 वर्ष।

2. 03 नफर अभियुक्ता।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

1. 02 अदद मंगलसूत्र ( सोने का )
2. 05 अदद बाली ( सोने की )
3. 02 कान का टप्स ( सोने का )
4. चोरी का 02 अदद एन्ड्रायड मोबाइल ( सैमसंग व वीवो कम्पनी का )
5. 01 अदद की पैड मोबाइल ( नोकिया कम्पनी का )

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः-</u>** दिनांक- 30.06.2024, स्थानः- भुतई इमली के पास से थाना कोतवाली कमि वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. राजीव कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 पीयूष कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. प्रशि0 उ0नि0 रोशनी नरवरिया थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. का0 शिवम भारती थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
5. का0 अखिलेश कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
6. म0का0 अर्चना यादव, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**